This question paper contains 8+2 printed pages]

*Your Roll No* ................

7868

**LL.B./V Term** **E**

Paper LB-5034 : INTELLECTUAL PROPERTY LAWS–II

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks* : 100

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*Note* :— Answers may be written *either* in English *or* in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

**टिप्पणी:**—इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।

Attempt any *Five* questions.

*All* questions carry equal marks.

किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं।

P.T.O.

Mr. Ramesh Babu conceived an idea of making a reality television programme on the problems being faced by the gays and lesbians worldwide by inviting them to the show and discussing their problems before a live audience. He transformed his idea into a detailed concept note containing the concept, the form, the issues, the criteria of selecting the participants and audience. He shared this concept note with Mr. Suresh Bhatt, a well known T.V. programme producer in strict confidence. Mr. Bhatt did not make any commitment to produce the show. After some time, Mr. Ramesh Babu came to know about the promotion of Mr. Bhatt's programme which was based on his concept note.

Mr. Ramesh Babu filed a case for the infringement of his copyright in the concept note and breach of confidentiality by Mr. Suresh Bhatt. Discuss idea-expression dichotomy in the light of *Urmi Juvekar Chiang Vs. Global Broadcast News Limited*, 2008 (36) PTC 377 (Bom.), bringing out the distinction between copyright law and law of breach of confidence.

मिस्टर रमेश बाबू के मन में एक ऐसे रीयलिटी टेलीविजन प्रोग्राम को तैयार करने का विचार पनपा जिसमें विश्वभर के पुरुष समलैंगिकों तथा स्त्री समलैंगिकों को शो में आमंत्रित किया जाए और उनके सामने आने वाली समस्याओं पर सजीव श्रोतागण के सम्मुख चर्चा की जाए। उसने अपने विचार को एक विस्तृत संकल्पना नोट में रूपान्तरित कर

दिया जिसमें संकल्पना, प्ररूप, मुद्दे, प्रतिभागियों तथा श्रोताओं का चयन करने की कसौटी का उल्लेख था। उसने इस संकल्पना नोट को सुपरिचित टी.वी. प्रोग्राम निर्माता मि. सुरेश भट्ट के साथ पूर्णतः गोपनीय रूप में शेयर किया। मिस्टर भट्ट ने शो के निर्माण के लिए कोई प्रतिबद्धता नहीं दर्शाई। कुछ समय बाद मिस्टर रमेश बाबू को उसके संकल्पना नोट के आधार पर मिस्टर भट्ट के एक प्रोग्राम के प्रोत्साहन की जानकारी मिली।

मिस्टर रमेश बाबू ने मिस्टर सुरेश भट्ट द्वारा उसके संकल्पना नोट में किए गए प्रतिलिप्यधिकार के अतिलंघन और गोपनीयता भंग के लिए केस फाइल कर दिया। प्रतिलिप्यधिकार विधि और गोपनीयता भंग विधि के बीच सुभिन्नता दर्शाते हुए *Urmi*

*Juvekar Chiang Vs. Global Broadcast News Limited,* 2008 (36) PTC 377 (Bom.) को ध्यान में रखते हुए विचार-अभिव्यक्ति द्विभाजन का विवेचन कीजिए।

2. Discuss the economic rights of the copyright owner in literary, dramatic and musical works. How are these rights different from the economic rights of the copyright owner in cinematograph film and sound recording ?

साहित्यिक, नाटकीय और संगीतात्मक कृतियों में प्रतिलिप्यधिकार के स्वामी के आर्थिक अधिकारों का विवेचन कीजिए। ये अधिकार सिनेमाटोग्राफ फिल्म और साउंड रिकार्डिंग में प्रत्याधिकार के स्वामी के आर्थिक अधिकारों से किस रूप में भिन्न हैं ?

3. (*i*) Discuss the law to determine ownership in the context of Section 17 and Section 2(d) of the Copyright Act, 1957.

(*ii*) Discuss the performer's rights as obtaining after 2012 amendment.

(*i*) प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम, 1957 की धारा 17 तथा धारा 2(d) के प्रसंग में स्वामित्व अवधारित करने के लिए विधि का विवेचन कीजिए।

(*ii*) 2012 के संशोधन के पश्चात् प्राप्त होने वाले प्रस्तुतकर्ता के अधिकारों का विवेचन कीजिए।

4. (*i*) Discuss the concept of "fair use" by referring to the law laid down in *Super Cassettes Industries Ltd. Vs.*

*Hamar Television Network Pvt. Ltd.*, 2011(45) PTC 70(Del).

(*ii*) What do you mean by "Cover version" of a sound recording ? Discuss the law relating to statutory licence for cover version under Section 31C of the Copyright Act.

(*i*) *Super Cassettes Industries Ltd. Vs. Hamar Television Network Pvt. Ltd.*, 2011(45) PTC 70(Del) में अधिकथित विधि को निर्दिष्ट करते हुए 'उचित उपयोग' की संकल्पना का विवेचन कीजिए।

(*ii*) साउंड रिकार्डिंग के 'कवर वर्जन' से आपका क्या अभिप्राय है ? प्रतिलिप्यधिकार अधिनियम की धारा 31C के अन्तर्गत कवर वर्जन हेतु कानूनी अनुज्ञप्ति सम्बन्धी विधि का विवेचन कीजिए।

5. What are "patentable" inventions ? Explain by emphasizing on the term "inventive step". Also discuss inventions which are not patentable under Patents Act, 1970 ?

पेटेन्टयोग्य आविष्कार क्या होते हैं ? "आविष्कारी चरण" शब्दों पर बल देते हुए व्याख्या कीजिए। पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अधीन उन आविष्कारों का विवेचन कीजिए जो पेटेन्ट के योग्य नहीं हैं।

6. Explain provisional specification and its relevance. Discuss the importance of application for examination and state the procedure for grant of patent under Patents Act, 1970, briefly.

अस्थायी विनिर्दिष्टि तथा इसकी सुसंगति को स्पष्ट कीजिए। परीक्षा हेतु अनुप्रयोग के महत्व का विवेचन कीजिए और पेटेन्ट अधिनियम, 1970 के अधीन पेटेन्ट की मंजूरी हेतु प्रक्रिया का संक्षेप में उल्लेख कीजिए।

(i) Write a note on trade secret.

(ii) Discuss special provisions for the grant of compulsory licences for public health issues explaining export of patented pharmaceutical products under Sections 92 and 92A.

(i) व्यापार गोपनीयता पर टिप्पणी लिखिए।

(ii) धारा 92 और 92A के अधीन पेटेन्टीकृत फार्मास्यूटिकल उत्पादों के निर्यात की व्याख्या करते हुए लोक स्वास्थ्य मुद्दों हेतु अनिवार्य अनुज्ञप्ति की मंजूरी हेतु विशेष उपबन्धों का विवेचन कीजिए।

8. (i) Discuss registerable varieties under the Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act, 2001.

(*ii*) Discuss the rights of Farmers and Plant Breeders under Protection of Plant Varieties and Farmers' Rights Act, 2001.

(*i*) पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम 2001 के अधीन रजिस्ट्रीयोग्य किस्मों का विवेचन कीजिए।

(*ii*) पौधा किस्म और कृषक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2001 के अधीन कृषकों और पौधा प्रजनकों के अधिकारों का विवेचन कीजिए।